दिन–शुक्रवार | दिनांक– 11 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. मौसम विभाग ने प्रदेश के कई इलाकों में अगले पांच दिनों तक मूसलाधार बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

02. पिछले चौबीस घंटों में राज्य में बिजली गिरने और बारिश से संबंधित अलग–अलग घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर इकसठ हुई।

03. पुलिस मुख्यालय ने कहा – राज्य में विधि व्यवस्था की स्थिति दुरूस्त है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के अपराध संबंधी आंकड़ों को किया खारिज।

04. और, रंगदारी से जुड़े एक मामले में दानापुर से राजद विधायक रीतलाल यादव के पटना स्थित विभिन्न ठिकानों पर पुलिस और एसटीएफ ने छापेमारी की।

---

मौसम विभाग ने प्रदेश के कई इलाकों में अगले पांच दिनों तक मूसलाधार बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के निदेशक आशीष कुमार ने बताया कि अगले चौबीस घंटों में राज्य के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा, मेघगर्जन और वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में उत्तर पूर्व से लेकर पश्चिम बिहार तक तेज हवा और बिजली चमकने के साथ बारिश हो सकती है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों में राज्य में बिजली गिरने और बारिश से संबंधित अलग–अलग घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर इकसठ हो गयी है।

---

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों से वज्रपात से बचने के लिए सुरक्षा उपायों को अपनाने की अपील की है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. उदय कांत ने कहा कि बारिश के मौसम में किसानों और खुले में काम करने वालों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

———बाइट———

---

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने आंधी, तूफान, वज्रपात और बारिश से संबंधित दुर्घटनाओं में मृतकों के निकटतम आश्रितों को आज ही अनुग्रह सहायता राशि प्रदान करने का निर्देश दिया है। श्री मीणा ने सभी जिलाधिकारियों, सभी विभागों और क्षेत्रीय स्तर के अधिकारियों के साथ आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की।

---

कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार और सचिन पायलट के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने आज पटना में सदाकत आश्रम से मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए मार्च निकाला। पुलिस ने राजापुर पुल के पास मार्च को आगे जाने से रोक दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच नोंक–झोंक हुयी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछार भी की। इसके बाद पुलिस ने कन्हैया कुमार और यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भान समेत कई पार्टी कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। इन सब को पुलिस कोतवाली थाने लेकर पहुंची। एक घंटे के बाद सभी को छोड़ दिया गया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में कन्हैया कुमार ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों को नहीं सुनती है, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

–––बाइट–––

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कन्हैया कुमार की पदयात्रा को दिखावा बताया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस समेत सभी विपक्षी पार्टियां लोगों को गुमराह करने के लिए ऐसे आयोजन कर रही है।

–––बाइट–––

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने कहा है कि कांग्रेस बिहार विधानसभा चुनाव महागठबंधन के बैनर तले लड़ेगी, लेकिन मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर फैसला चुनाव परिणाम के बाद होगा। आज पटना में मीडिया से बातचीत में श्री पायलट ने कहा कि एनडीए बिहार में आम लोगों का भरोसा खो चुकी है।

–––बाइट–––

---

जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार हर मोड़ पर विफल रही है। उन्होंने पटना स्थित गांधी मैदान में राजनीतिक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वे राज्य सरकार की कथित विफलताओं को लेकर फिर से यात्रा पर निकलेंगे। श्री किशोर ने कहा कि वे गांव–गांव जाकर लोगों को अपनी पार्टी की योजना और बिहार को विकसित बनाने के लिए कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देंगे।

–––बाइट–––

---

आकाशवाणी पटना से दोपहर तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित होने वाले हिन्दी समाचार बुलेटिन और तीन बजकर पंद्रह मिनट पर प्रसारित होने वाले उर्दू समाचार बुलेटिन के प्रसारण समय में परिवर्तन किया गया है। तेरह अप्रैल से हिन्दी समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किये जायेंगे। वहीं, उर्दू समाचार बुलेटिन का प्रसारण दोपहर दो बजकर पांच मिनट से होगा।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चौबीस अप्रैल को प्रस्तावित मधुबनी दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गयी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल और पार्टी नेता नितिन नबीन ने आज मधुबनी का दौरा कर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री नबीन ने कहा कि प्रधानमंत्री मधुबनी से मिथिला के लोगों को कई सौगात देंगे।

–––बाइट–––

---

जलकुंभी का उपयोग कर हस्तशिल्प के माध्यम से रोजगार के नये अवसर पैदा करने के उद्देश्य से बेगूसराय में आज से जलकुंभी शिल्प परियोजना की शुरुआत हुयी। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने जिले के भगवानपुर प्रखंड के लखनपुर पंचायत में परियोजना की विधिवत शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि परियोजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की दो सौ दस महिलाओं को चार महीने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ ही उन्हें प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिमाह सात हजार पांच सौ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि इस परियोजना से देश की

पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गंभीर समस्या बन चुके जलकुंभी से रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे।

———बाइट———

---

पुलिस मुख्यालय ने कहा है कि राज्य में विधि व्यवस्था की स्थिति दुरूस्त है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में अपर पुलिस महानिदेशक, विधि व्यवस्था पंकज दाराद ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के अपराध संबंधी आंकड़ों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने सोशल मीडिया पर जिन एक सौ सत्रह घटनाओं को जिक्र किया है, उसमें अधिकतर घटनाएं मामूली विवाद से जुड़ी हैं।

———बाइट———

---

दानापुर से राजद विधायक रीतलाल यादव के पटना स्थित विभिन्न ठिकानों पर हुयी छापेमारी में दस लाख रूपये नकद बरामद किये गये हैं। साथ ही सतहत्तर लाख रूपये के चेक और जमीन से संबंधित कई कागजात जब्त किये गये। आज पुलिस और एसटीएफ की टीम ने रीतलाल यादव के कोथवा स्थित आवास और कार्यालय के साथ–साथ नौबतपुर, गोला रोड, बिहटा और पटना स्थित कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। सिटी एसपी शरथ आर. एस. ने बताया कि रीतलाल यादव और अन्य के खिलाफ रंगदारी से जुड़े एक प्राथमिकी के मामले में न्यायालय के आदेश पर ये छापेमारी हुयी है।

---

बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर की आधिकारिक वेबसाईट का आज लोकार्पण किया गया। ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार और स्थानीय सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने राजगीर में आयोजित एक समारोह में वेबसाईट का लोकर्पण किया। वेबसाईट का पता है – बी एस यू आर डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट आईएन।

---

एसएसबी के महानिदेशक अमृत मोहन प्रसाद ने अपने बिहार के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे के तहत कई कार्यक्रमों में भाग लिया। श्री प्रसाद ने पटना स्थित एसएसबी सीमांत मुख्यालय का दौरा किया। उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा और अन्य अधिकारियों के साथ भारत–नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मौजूदा

स्थिति, गश्त और सुरक्षा मामलों की समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने सीमा पर बेहतर सुरक्षा प्रबंधन और नियंत्रण को लेकर चर्चा की। श्री प्रसाद ने बाद में पटना में एसएसबी की चालीसवीं वटालियन के जवानों के साथ सैनिक संवाद भी किया और उनकी समस्याएं सुनीं।

---

मुजफ्फरपुर जिले के करजा थानाध्यक्ष को बालू माफिया के साथ सांठ–गांठ के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। निलंबित थानाध्यक्ष पर खनन विभाग द्वारा जब्त वाहन पर एफआईआर दर्ज नहीं करने का आरोप है।

नालंदा जिले के चंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक स्कूल रामपुर से पुलिस ने एक शिक्षक को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसके बैग से शराब भी बरामद की गयी है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. मौसम विभाग ने प्रदेश के कई इलाकों में अगले पांच दिनों तक मूसलाधार बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

02. पिछले चौबीस घंटों में राज्य में बिजली गिरने और बारिश से संबंधित अलग–अलग घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर इकसठ हुई।

03. पुलिस मुख्यालय ने कहा – राज्य में विधि व्यवस्था की स्थिति दुरूस्त है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के अपराध संबंधी आंकड़ों को किया खारिज।

04. और, रंगदारी से जुड़े एक मामले में दानापुर से राजद विधायक रीतलाल यादव के पटना स्थित विभिन्न ठिकानों पर पुलिस और एसटीएफ ने छापेमारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।